आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 129 | उज्जैन, बुधवार 02 अप्रैल 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखकर ही करेंगे पर्यटन विकास-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मंत्रालय में हुई वेटलैंड प्राधिकरण की बैठक, 13 हजार से अधिक वेटलैंड्स का भौतिक सत्यापन हुआ पूरा

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पर्यटन विकास के प्रयासों में पर्यावरण का भी ध्यान रखा जाना आवश्यक है। प्रकृति और पर्यावरण को क्षति पहुंचाए बिना ही पर्यटन?विकास के सभी प्रकल्प क्रियान्वित किए जाएंगे। इस संबंध में समुचित परीक्षण के बाद आवश्यक निर्णय लिए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश राज्य वेटलैंड प्राधिकरण की पांचवीं बैठक मंगलवार को मंत्रालय में संपन्न हुई। बैठक में वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री श्री दिलीप अहिरवार उपस्थित थे।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में प्रदेश में वेटलैण्ड्स के भौतिक सत्यापन और सीमांकन कार्य की जानकारी प्राप्त कर सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि इसरो-एसएसी-2021 (इसरो के अंतरिक्ष अनुप्रयोग केन्द्र) एटलस के अनुसार प्रदेश में भौतिक सत्यापन और सीमांकन का कार्य पर्यावरण विभाग के राज्य वेटलैण्ड प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। यह वेटलैण्ड्स 2.25 हैक्टेयर क्षेत्रफल से अधिक के हैं। यह कार्य राजस्व विभाग और वन विभाग के सहयोग और संबंधित जिला प्रशासन के नेतृत्व में सम्पन्न करवाया जा रहा है। प्रदेश में 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में 13 हजार 454 वेटलैण्ड्स का जमीनी सत्यापन और 12 हजार 741 वेटलैण्ड्स के सीमांकन का कार्य पूरा हो चुका है। प्रदेश में कुछ ही वेटलैण्ड्स शेष हैं, जहां यह कार्य अभी चल रहा है। एक नया मोबाइल एप भी तैयार किया गया है।

# हमारी छवि धूमिल करने की कोशिश, HAL पर लगाए आरोप गलत




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम (पीएसयू) द्वारा आयातित सैन्य उपकरण रूसी हथियार एजेंसी के आपूर्तिकर्ताओं को बेचने के बारे में अमेरिकी दैनिक द न्यूयार्क टाइम्समें छपी रिपोर्ट को तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक करार देते हुए सूत्रों ने सोमवार को कहा कि रिपोर्ट में राजनीतिक नैरेटिव के अनुरूप मुद्दों को गढ़ने और तथ्यों को विकृत करने की कोशिश की गई है।

सूत्रों ने कहा, हमने द न्यूयार्क टाइम्स द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट देखी है। इसमें राजनीतिक नैरेटिव के अनुरूप मुद्दों को गढ़ने और तथ्यों को विकृत करने की कोशिश की गई है। रिपोर्ट में उल्लेखित भारतीय इकाई ने रणनीतिक व्यापार नियंत्रणों और अंतिम उपयोगकर्ता की प्रतिबद्धताओं संबंधी अपने सभी अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का ईमानदारी से पालन किया है।

रिपोर्ट छापने के दौरान नहीं बरती गई सावधानी- सूत्रों ने यह भी कहा कि रणनीतिक व्यापार पर भारत का मजबूत कानूनी और नियामक ढांचा इसकी कंपनियों द्वारा विदेशी कामर्शियल वेंचर्स पर मार्गदर्शन करता रहता है।

# पांडुलिपियों को टेक्स्ट में बदलेगा AI, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बनाने की सिफारिश



नई दिल्ली (एजेंसी)। पांडुलिपियों को एआई आधारित प्लेटफॉर्म के जरिये ऑनलाइन खोजे जा सकने वाले लेख में बदलने और फिर विभिन्न भारतीय भाषाओं में इसका अनुवाद करने के लिए एडवांस्ड नॉलेज एक्सट्रैक्शन फ्रेमवर्क विकसित करने की योजना की एक सिफारिश संसदीय समिति ने की है। परिवहन, पर्यटन एवं संस्कृति की स्थायी समिति ने अपनी रिपोर्ट में सलाह दी है कि संस्कृति मंत्रालय जमीनी स्तर के कर्मचारियों को पांडुलिपि मित्र बनाने के लिए गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कर सकता है।

मंत्रालय को अनुदान की मांग की रिपोर्ट सौंपते हुए समिति ने कहा, यह प्रशिक्षित पांडुलिपि मित्र, स्थानीय स्तर पर पांडुलिपियों के दस्तावेजीकरण, संरक्षण और डिजिटलीकरण में सहायता करने के लिए आवश्यक कौशल और जानकारी से लैस होंगे।

इसमें कहा गया है कि इसमें अत्याधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में पांडुलिपि पटल 2.0 को जोड़ना चाहिए, जो तमाम भाषाओं और लिपियों वाली पांडुलिपियों के बीच एआई आधारित खोज की क्षमता से लैस हो।

# विद्युतीकरण के ठेके में सरकार को 9 करोड़ का नुकसान, ऑडिट रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे



नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद की लोक लेखा समिति ने रेल मंत्रालय से कहा है कि दक्षिणपूर्व मध्य रेलवे जोन में 2017-18 में विद्युतीकरण के ठेके में हुए नौ करोड़ के नुकसान के लिए अधिकारियों की जबावदेही तय करे। समिति ने इसके साथ ही खजाने को हुए नुकसान और उस पर ब्याज की वसूली के लिए प्रविधान करने का भी समर्थन किया है। यह मामला एसईसीआर जोन में ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) की कार्य से संबंधित है जिसके लिए 2017-18 में 35.36 करोड़ रुपये के दो ठेके दिए गए थे।

लेकिन ऑडिट रिपोर्ट में पाया गया कि एसईसीआर के सिविल और इलेक्ट्रिकल विभागों के बीच समन्वय की कमी के कारण ठेका देने से पहले आवश्यक सिविल कार्य पूरे नहीं थे। पाया गया कि ठेकेदारों ने ठेका अवधि (2017-18) के दौरान नौ करोड़ रुपये की सामग्री की आपूर्ति की, लेकिन अनुकूल कार्यस्थल की अनुपलब्धता के कारण वे कार्य नहीं कर सके।

समिति ने हाल में संसद को सौंपी अपनी रिपोर्ट में कहा, इससे काम में कोई प्रगति के बिना ठेकों को जल्द समाप्त कर दिया गया। आपूर्ति की गई नौ करोड़ रुपये की सामग्री का उसके उद्देश्य के लिए पूरी तरह उपयोग नहीं किया जा सका। रेल मंत्रालय ने अपने जवाब में कहा कि वह ठेका प्रक्रिया में व्यापक अनुपालन जांच सूची का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करेगा।

# आईबी ऑफिसर आत्महत्या मामले में नया मोड़, सहकर्मी के खाते में ट्रांसफर होती थी सैलरी



नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल के तिरुअनंतपुरम अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इमिग्रेशन विभाग में काम करने वाली 24-वर्षीय इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) अधिकारी मेघा की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है।

पुलिस उसके सहकर्मी और मित्र सुकांत सुरेश की शिद्दत से तलाश कर रही है। मेघा का शव 24 मार्च को तिरुअनंतपुरम में रेलवे ट्रैक के पास मिला था। पुलिस ने दोनों के कॉल रिकार्ड खंगालने के बाद पाया कि ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या करने से कुछ सेकंड पहले मेघा और सुरेश के बीच चार बार कॉल हुई थी।

सहकर्मी को देती थी सैलरी- रात को काम करने के बाद मेघा अपने घर लौटने के बजाय अपने कार्यस्थल के पास रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने चली गई। बाद में मेघा के पिता मधुसूदनन ने बताया कि दोनों एक-दूसरे के काफी करीब थे। मेघा के बैंक रिकॉर्ड से पता चला कि उसकी सारी तनख्वाह सुरेश के खाते में जाती थी और वह कभी-कभार उसके खर्च के लिए पैसे भेजता था।

जिस समय उसने आत्महत्या की, उसके बैंक खाते में मात्र 80 रुपये शेष थे, क्योंकि उसने फरवरी का अपना वेतन सुरेश के खाते में ट्रांसफर कर दिया था। पिता द्वारा पुलिस को सुरेश के बारे में सूचित किए जाने के बाद से पुलिस उसे खोजने की कोशिश कर रही है क्योंकि उसका फोन और उसके परिवार के सदस्यों के भी फोन बंद पाए गए हैं।

# 17 किलो सोना चुराया, लेकिन नहीं छोड़ा एक भी सबूत... पुलिस ने इस तरह गिरोह को पकड़ा



नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक पुलिस अक्टूबर 2024 में दावणगेरे जिले के न्यामती स्टेट बैंक में चोरी के मामले को उजागर करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया है और और चोरी हुए सोने को भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने बताया कि तमिलनाडु के मदुरई जिले के एक गांव में कुएं से 17 किलोग्राम से अधिक चोरी किया गया सोना बरामद किया है, जिसकी कीमत 13 करोड़ रुपये है। यह मामला पुलिस के लिए एक चुनौती था, क्योंकि गिरोह ने फिंगरप्रिंट, सीसीटीवी फुटेज, टोल डेटा और फोन डेटा जैसे कोई सुबूत छोड़े बिना इस घटना को अंजाम दिया था।

# पीएम मोदी के पास भारत के लिए अगले 1000 वर्षों का विजन, स्वामी अवधेशानंद ने प्रधानमंत्री को बताया महापुरुष

नई दिल्ली (एजेंसी)। जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्यालय की यात्रा के दौरान भारत की प्रगति के लिए उनके दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की प्राथमिकता में भारत की समृद्धि अगले 1,000 वर्षों के लिए शामिल है। वे महापुरुष हैं।



प्रधानमंत्री मोदी ने गुड़ी पाड़वा के अवसर पर रविवार को आरएसएस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया था। यह पीएम मोदी का आरएसएस मुख्यालय में बतौर प्रधानमंत्री पहला दौरा था। वे अटल बिहारी वाजपेयी के बाद संघ मुख्यालय में आने वाले दूसरे प्रधानमंत्री भी बने।

स्वामी अवधेशानंद गिरी ने कहा, प्रधानमंत्री ने भारत को अगले 1,000 वर्षों के लिए तैयार करने की बात की ताकि इसकी शक्ति और समृद्धि सुनिश्चित हो सके।

क्या बोले जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर- उन्होंने भारतीय संस्कृति के कल्याणकारी पहलुओं पर जोर दिया खासकर वसुधैव कुटुम्बकम की विचारधारा पर। उन्होंने कहा कि यह सदियों से मानवता को कल्याण की ओर मार्गदर्शित करती रही है। स्वामी अवधेशानंद ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आरएसएस संस्थापक डॉ. हेडगेवार और द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर की शिक्षाओं को आगे बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री मोदी की शासन शैली पर चर्चा करते हुए स्वामी अवधेशानंद ने इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो का उल्लेख किया, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी आरएसएस प्रमुख और अन्य के साथ बातचीत करते हुए मुस्कुराते और हंसते नजर आ रहे हैं।

प्रधानमंत्री की मुस्कान के पीछे का कारण बताते हुए स्वामी ने कहा, जब मैं उनकी प्रशंसा कर रहा था तो वह बस हंसने लगे। उन्होंने हमारी प्रशंसा को स्वीकार नहीं किया। इसके बजाय उन्होंने इसे ईश्वरीय आशीर्वाद का परिणाम बताया। वह वास्तव में मानते हैं कि जो कुछ भी उन्होंने हासिल किया है, वह उनकी मेहनत का फल नहीं बल्कि भगवान की कृपा का परिणाम है।

महामंडलेश्वर ने की पीएम मोदी की विनम्रता की प्रशंसा - महामंडलेश्वर ने पीएम मोदी की विनम्रता की प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने राष्ट्र की भलाई के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

# हम लोग बांग्लादेश को तोड़कर..., मोहम्मद यूनुस के चिकन नेक वाले बयान पर भड़के पूर्वोत्तर के नेता



नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने पूर्वोत्तर भारत को लेकर विवादित बयान दिया है। दरअसल, उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने चीनी अर्थव्यवस्था के विस्तार की वकालत की। उन्होंने न सिर्फ पूर्वोत्तर राज्यों को एक लैंडलॉक्ड बताया बल्कि उन्होंने कहा कि इस रीजन में मौजूद समुद्र का बांग्लादेश एकमात्र गार्डियन है।

भारतीय नेताओं ने मोहम्मद यूनुसके इस बयान की कड़ी निंदा की है। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने मोहम्मद यूनुस के इस बयान को उकसावे वाला और अस्वीकार्य बताया।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट लिखते हुए कहा कि पूर्वोत्तर को मुख्य भूमि भारत से जोड़ने के लिए मजबूत रेलवे और सड़क नेटवर्क विकसित करने की जरूरत है। उन्होंने अपील की कि चिकन नेक कॉरिडोर के नीचे और आसपास मजबूत रेल और सड़क नेटवर्क विकसित किया जाए।

टिपरा मोथा पार्टी के नेता ने की बांग्लादेश तोड़ने की वकालत- वहीं, टिपरा मोथा पार्टी के मुखिया प्रद्योत माणिक्य ने बांग्लादेश पर तंज कसते हुए कहा, इंजीनियरिंग चुनौतियों पर अरबों रुपये खर्च करने के बजाय हमें बांग्लादेश को तोड़कर अपनी समुद्री पहुंच सुनिश्चित करनी चाहिए। चटगांव हिल ट्रैक्ट्स में जो जनजातीय समुदाय बसे हैं, वे 1947 से ही भारत के साथ रहना चाहते थे। लाखों त्रिपुरी, गारो, खासी और चकमा लोग आज भी बांग्लादेश में बुरी स्थिति में रह रहे हैं। हमें अपने राष्ट्रीय हित और उनके कल्याण के लिए इस मुद्दे का उपयोग करना चाहिए।

सरकार मणिपुर की सुध नहीं ले रही- कांग्रेस- मोहम्मद यूनुस के बयान पर कांग्रेस ने भी चिंता जाहिर की है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक्स पर लिखा,÷बांग्लादेश भारत की घेराबंदी करने के लिए चीन को अपने यहां दावत दे रहा है। बांग्लादेश सरकार का ये रवैया हमारे नॉर्थ ईस्ट क्षेत्र की सुरक्षा के लिए बहुत खतरनाक है।

# भारत को नया झटका देने की तैयारी में ट्रंप, कृषि उत्पादों पर 100त टैक्स की धमकी; व्हाइट हाउस बोला- जैसे को तैसे का समय

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता संभालते ही दुनिया भर में टैरिफ वार छेड़ दिया है। ट्रंप ने चीन, कनाडा और भारत से लेकर कई देशों पर 100 फीसद टैरिफ लगाया है। अब ट्रंप ने एक और नए टैरिफ की धमकी दी है।

भारत के टैरिफ की आलोचना- ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी कृषि उत्पादों पर भारत 100 प्रतिशत टैरिफ लगाता है और अन्य देशों द्वारा लगाए जाने वाले उच्च शुल्कों के कारण अमेरिकी उत्पादों का उन देशों को निर्यात करना लगभग असंभव हो जाता है।



कल से अमेरिका लगाएगा जैसे को तैसा टैरिफ- अमेरिकी राष्ट्पति ने भारत और अन्य देशों द्वारा अमेरिकी वस्तुओं पर लगाए जाने वाले उच्च टैरिफ की बार-बार आलोचना की है। ट्रंप 2 अप्रैल को जैसे को तैसा टैरिफ (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगाना शुरू करने की योजना बना रहे हैं, जिसके बारे में उनका कहना है कि यह अमेरिका के लिए मुक्ति दिवस होगा।

कैरोलिन लेविट ने कहा कि कई देश हमारे पर गलत टैक्स लगाते हैं। अमेरिकी डेयरी पर यूरोपीय संघ से 50त (टैरिफ) और अमेरिकी चावल पर जापान से 700त टैरिफ है। अमेरिकी कृषि उत्पादों पर भारत से 100त टैरिफ और अमेरिकी मक्खन और पनीर पर कनाडा से लगभग 300त टैरिफ है।

उन्होंने कहा कि इससे इन बाजारों में अमेरिकी उत्पादों का आयात करना लगभग असंभव हो जाता है और इसने पिछले कई दशकों में बहुत से अमेरिकियों को व्यवसाय से बाहर और बेरोजगार कर दिया है।

ट्रंप बोले- ये टैरिफ गेम चेंजर होंगे- कई देशों द्वारा लगाए गए उच्च टैरिफ की बात करते हुए लेविट ने एक चार्ट दिखाया जिसमें भारत, जापान और अन्य देशों द्वारा लगाए गए

## मीलों दूर से दिख रही आग की लपटें, धमाके से हिली खिड़कियां... मलेशिया में गैस पाइप फटने से हड़कंप



नई दिल्ली (एजेंसी)। मलेशिया के एक इलाके में भीषण आग की खबर सामने आई है। आग इतनी ज्यादा थी कि उसकी लपटें मीलों दूर से दिखाई दे रही हैं। कुआलालंपुर के बाहरी इलाके में एक मलेशियाई शहर में ये भीषण आग लगी। इसके कारण आसपास के घरों को खाली कराना पड़ा।

कई किलोमीटर ऊंची लपटें दिखीं- मध्य सेलंगोर राज्य के पुत्रा हाइट्स में एक गैस स्टेशन के पास लगी आग की ऊंची लपटें कई किलोमीटर तक दिखाई दे रही थीं। आग की सूचना मिलते ही सेलंगोर के दर्जनों अग्निशमन कर्मियों को घटनास्थल पर भेजा गया।

स्थानीय समाचार पत्र द स्टार ने विभाग के निदेशक वान मोहम्मद रजाली वान इस्माइल के हवाले से बताया कि मौके पर मौजूद अग्निशमन कर्मियों ने आग लगने का कारण पाइपलाइन का फटना बताया है।

हुए कई विस्फोट - आग इतनी भयंकर थी कि आग के गोले की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। कुछ निवासियों ने कहा कि उन्हें अपने घरों के दरवाजे और खिड़कियां हिलती हुई महसूस हुईं, ऐसा माना जाता है कि यह पहले हुए आग के विस्फोट के कारण हुआ था।

## तीन मुस्लिम देशों का दौरा करने जा रहे ट्रंप, आखिर क्या है अमेरिकी राष्ट्पति का प्लान?



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रंप लगातार कड़े फैसले लेते जा रहे हैं। चाहे वो इमिग्रेशन से जुड़ा हो या टैरिफ से। हालांकि, ट्रंप कई देशों से रिश्ते सुधारने में भी जुट गए हैं और इसी एवज में वो तीन मुस्लिम देशों का दौरा करने जा रहे हैं।

सऊदी अरब, कतर और यूएई का करेंगे दौरा- अगले महीने ही डोनाल्ड ट्रंप सऊदी अरब की यात्रा कर सकते हैं। उन्होंने सोमवार को व्हाइट हाउस में कहा कि उनकी सत्ता में वापसी के बाद पहली विदेश यात्रा सऊदी अरब की हो सकती है।

ट्रंप ने कहा कि अगले महीने ये यात्रा हो सकती है, या थोड़ा बाद में। उन्होंने इसी के साथ कतर समेत कुछ अन्य देशों में भी जाने की संभावना जताई रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्पति ने कहा कि यूएई बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए मैं यूएई और कतर में रुकेंगे।

क्राउन प्रिंस ने निवेश का किया था वादा- बता दें कि जनवरी में सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अमेरिकी व्यापार और निवेश में 600 बिलियन डॉलर जमा करने का वादा किया था। उस समय सऊदी ने इस बात का ब्यौरा नहीं दिया गया था कि इस पैसे का माध्यम क्या होगा, क्योंकि ये सऊदी जीडीपी के आधे से ज़्यादा है।

## रेल हादसे के बाद इस देश का पानी बन गया जहर! सरकार को लगानी पड़ी इमरजेंसी



नई दिल्ली (एजेंसी)। यूरोप महाद्वीप में स्थित चेक गणराज्य की हालत इस वक्त बहुत खराब है। चेक गणराज्य के अधिकारियों ने ओलोमौक क्षेत्र में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है, जिसे अधिकारी पिछले महीने एक मालगाड़ी के पटरी से उतरने के बाद दुनिया का सबसे बड़ा बेंजीन संदूषण कह रहे हैं।

ओलोमौक के गवर्नर लादिस्लाव ओक्लेस्टेक द्वारा घोषित आपातकालीन घोषणा, प्रेरोव जिले में हुस्टोपेके नाद बेकवौ के आसपास के क्षेत्र को कवर करती है, जहां एक जहरीले रसायन के रिसाव ने स्थानीय मिट्टी और जल स्रोतों को दूषित कर दिया है, जिसमें पास की एक झील भी शामिल है।

क्या बोली देश की सरकार- ओक्लेस्टेक ने कहा, हमने सर्वसम्मति से ओलोमौक क्षेत्र में आज 12ः00 बजे से आपातकाल की स्थिति घोषित करने पर सहमति व्यक्त की है। रिपोर्ट के अनुसार, यह आदेश पर्यावरणीय संकट के लिए तेज और अधिक प्रतिक्रिया की अनुमति देगा, जिससे स्थानीय अधिकारियों को कार्य दायित्व लागू करने, संसाधनों को नियंत्रित करने और प्रभावित क्षेत्रों में आवाजाही को प्रतिबंधित करने की शक्ति मिलेगी।

यह दुर्घटना 28 फरवरी को हुई, जब तेज गति से चल रही एक मालगाड़ी हुस्टोपेक स्टेशन के एंट्री गेट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसके 17 डिब्बों में से अधिकतर में आग लग गई, जिससे कुल 1,020 टन ले जा रहे टैंकरों से लगभग 350 टन बेंजीन निकल गया।

# म्यांमार में भूकंप से मरने वालों का आंकड़ा 2 हजार के पार, 400 लोग अब भी लापता



नई दिल्ली (एजेंसी)। म्यांमार में शुक्रवार में आए विनाशकारी भूकंप ने तबाही ला दी है। अब इस भूकंप से मरने वालों की संख्या 2 हजार के पार पहुंच गई है। चीन सेंट्रल टेलीविजन ने इसको लेकर जानकारी दी है। चीन सेंट्रल टेलीविजन के मुताबिक, म्यांमार में भूकंप से 2, 719 लोगों की मौत हो गई और 4,521 लोग घायल बताए जा रहे हैं।

चीन सेंट्रल टेलीविजन के मुताबिक, 400 लोग लापता बताए जा रहे हैं। म्यांमार के नेता मिन ह्लाइंग के मुताबिक, मरने वालों की संख्या 3 हजार पहुंच सकती है।

भारत और थाईलैंड में भी महसूस हुए थे झटके- म्यांमार में 28 मार्च 2025 को जोरदार भूकंप आया था। इस भूकंप के झटके पड़ोसी देशों मसलन भारत और थाईलैंड में भी महसूस किए गए थे। इस भूकंप ने म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के पास खूब तबाही मचाई है।

राहत-बचाव कर्मियों के साथ स्थानीय लोग भी अपनों को खोजने के लिए खुद भी मलबा हटाने में जुटे हुए हैं। वहीं, भीषण गर्मी के कारण शवों से दुर्गंध आनी शुरू हो गई है। हवा में सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। भूकंप से मरने वालों की संख्या में धीरे-धीरे इजाफा हो रहा है। भूकंप की वजह से नमाज पढ़ रहे 700 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। इसके अलावा 60 से ज्यादा मस्जिदें भी तबाह हो गई हैं।

# गाजा में नहीं थम रहे इजरायली हमले, 10 दिन में मारे गए 300 से ज्यादा बच्चे



नई दिल्ली (एजेंसी)। गाजा में इजरायल के नए हमले में पिछले 10 दिनों में फलस्तीनी क्षेत्र में कम से कम 322 बच्चे मारे गए और 609 घायल हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र बाल एजेंसी ने एक बयान में कहा कि इन आंकड़ों में वे बच्चे शामिल हैं जो 23 मार्च को दक्षिणी गाजा में अल नासर अस्पताल के सर्जिकल विभाग पर हुए हमले में मारे गए या घायल हुए थे।

यूनिसेफ ने कहा कि इनमें से अधिकतर बच्चे विस्थापित हो गए हैं और अस्थायी तंबुओं या क्षतिग्रस्त घरों में शरण ले रहे हैं।

इजरायल ने गाजा पर बरसाए बम

हमास के साथ युद्ध में लगभग दो महीने के संघर्ष विराम को समाप्त करते हुए, इजरायल ने 18 मार्च को गाजा पर गहन बमबारी फिर से शुरू की और फिर एक नया जमीनी हमला शुरू किया।

यूनिसेफ के बयान में कहा गया है कि लगभग 18 महीने के युद्ध के बाद, कथित तौर पर 15,000 से अधिक बच्चे मारे गए हैं, 34,000 से अधिक घायल हुए हैं और लगभग दस लाख बच्चे बार-बार विस्थापित हुए हैं और उन्हें बुनियादी सेवाओं से वंचित किया गया है।

# ये अमानवीय और अवैध..., प्रयागराज में बुलडोजर कार्रवाई पर SC सख्त



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रयागराज में घरों पर बुलडोजर कार्रवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम न्यायालय ने यूपी सरकार और प्रयागराज विकास प्राधिकरण को फटकार लगाते हुए इस कार्रवाई को अमानवीय और अवैध बताया।

देश में कानून का राज, ऐसा नहीं चलेगा- तोड़फोड़ की कार्रवाई अमानवीय करार देते हुए जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि देश में कानून का शासन है और नागरिकों के आवासीय ढांचों को इस तरह से नहीं ढहाया जा सकता।

पीठ ने कहा, इस कार्रवाई ने हमारी अंतरात्मा को झकझोर दिया है। आश्रय का अधिकार, कानून की उचित प्रक्रिया जैसी कोई चीज होती है।

10 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश - शीर्ष अदालत ने प्राधिकरण को छह सप्ताह के भीतर प्रत्येक घर के मालिकों को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया। अदालत ने पहले प्रयागराज में उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना तोड़फोड़ की कार्रवाई को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाई थी और कहा था कि इससे गलत संकेत गया है।

वकील का दावा- अतीक अहमद की जमीन समझ किया ध्वस्त

उधर, याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि राज्य सरकार ने गलत तरीके से मकानों को ध्वस्त किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह सोचकर इसे ध्वस्त किया कि यह जमीन गैंगस्टर-राजनेता अतीक अहमद की है, जो 2023 में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था।

शीर्ष अदालत अधिवक्ता जुल्फिकार हैदर, प्रोफेसर अली अहमद और अन्य लोगों की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिनके मकान ध्वस्त कर दिए गए थे।

## तेल कंपनियों ने नवरात्र के बीच दी राहत



नई दिल्ली (एजेंसी)। तेल कंपनियों ने गैस सिलेंडर की कीमतों में बदलाव किया है। 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 41 रुपये की कटौती की गई है। नई कीमत आज से लागू हो जाएगी। अब दिल्ली में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर 1762 रुपये में मिलेगा। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है। इससे पहले एक जनवरी को भी वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 14.50 रुपये की कटौती की गई थी।

व्यापारी वर्ग को मिलेगा लाभ- तेल कंपनियां वैश्विक कच्चे तेल की दरों और अन्य कारणों से कीमतों में बदलाव करती हैं। दिसंबर में 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 62 रुपये का इजाफा किया गया था। नई कीमतों का लाभ व्यापारियों वर्ग को मिलेगा। रेस्तरां, होटल और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में इन सिलेंडरों का इस्तेमाल होता है। बता दें कि टैक्स और परिवहन लागतों के आधार पर एलपीजी की कीमतें हर राज्य में अलग-अलग हो सकती हैं।

पिछले महीने एक मार्च को तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 6 रुपये का इजाफा किया था।

## गुवाहाटी में श्री विद्या कोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ का होगा आयोजन



नई दिल्ली (एजेंसी)। असम के गुवाहाटी में देश के वरिष्ठ संत स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी के सानिध्य में श्री विद्या कोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। गुवाहाटी एसआरसीबी रोड स्थित सांगानेरिया धर्मशाला में ये महायज्ञ होगा।

देश के वरिष्ठ संत स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी के सानिध्य में आगामी 2 अप्रैल से 6 अप्रैल तक श्री विद्या कोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ का आयोजन किया जाना है। यह महायज्ञ देश के प्रगति, विश्व शांति और लोक कल्याण के ध्येय से आयोजित है।

महायज्ञ में कौन होगा शामिल- इस महायज्ञ में वाराणसी से विद्वान पुरोहितों का आगमन हो रहा है जो महायज्ञ को संपन्न कराएंगे। श्री विद्या कोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति होगी।श्री ललिता सहस्त्रनाम के मंत्रों का एक करोड़ बार पाठ सुहासिनी महिलाओं और श्रद्धालुओं के द्वारा किया जाएगा और भगवती को प्रसन्न करने हेतु कुमकुम से अर्चन होगा।

गुवाहाटी में दूसरी बार होगी ये महायज्ञ - स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने इससे पूर्व यह महायज्ञ नई दिल्ली, कोलकाता, प्रयागराज, वाराणसी, गुवाहाटी, मुंबई, चेन्नई, कांचीपुरम, हैदराबाद, इंदौर सहित देश के अन्य महत्वपूर्ण शहरों में आयोजित किया है।

## फिर दो ही विकल्प बचते हैं..., कुणाल कामरा ने शेयर किया नया पोस्ट; सरकार पर साधा निशाना



नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर टिप्पणी करने के बाद कॉमेडियन कुणाल कामरा विवादों में आ गए हैं। कथित तौर पर कामरा ने एकनाथ शिंदे को गद्दार कहा था। हालांकि, उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया था।

डिप्टी सीएम पर टिप्पणी के बाद शिव सैनिकों ने उनके खिलाफ मोर्चा खोला और उस जगह पर भी तोड़फोड़ की गई, जहां पर कुणाल कामरा का शो शूट हुआ था। विवादों के बीच कॉमेडियन कुणाल कामरा ने एक बार फिर सरकार पर निशाना साधा है। हालिया किए एक पोस्ट में कामरा ने सरकार पर आरोप लगाया कि विरोध जताने वाले कलाकारों को चुप करने का एक व्यवस्थित अभियान चलाया जा रहा है।

कुणाल कामरा की नई पोस्ट में क्या- बुधवार को कॉमेडियन कुणाल कामरा ने एक पोस्ट शेयर किया। इस पोस्ट का शीर्षक उन्होंने लोकतांत्रिक तरीके से कैसे एक कलाकार की हत्या की जाए दिया। इसमें उन्होंने इस पोस्ट में कुछ प्वाइंटस शेयर की है और कहा कि सरकार विरोध की आवाज को दबाने के लिए ये तरीके अपनाती है। कुणाल कामरा ने अपने पोस्ट में इन पांच बातों का जिक्र किया है।

इतना ज्यादा आक्रोश फैलाओ की कोई भी ब्रांड उस कलाकार के साथ काम करना बंद कर दें।

इतना ज्यादा विवाद पैदा कर दो कि प्राइवेट और कॉरपोरेट शो भी रद कर दिए जाएं।

इतनी हिंसक प्रतिक्रिया दो कि बड़े मंच भी उनको मौका देने से डरें।

हिंसक आक्रोस इतना फैला दो कि छोटे दरवाजे भी बंद हो जाए।

दर्शकों को धमका दीजिए फिर और कला को अपराध बना दो।

फिर बच जाते हैं दो विकल्प- इसी पोस्ट में कॉमेडियन कुणाल कामरा ने लिखा कि इन सब के बाद किसी भी कलाकार के बाद केवल दो विकल्प बच जाते हैं।

## संसद में मौजूद रहें सभी सांसद, लोकसभा में कल पेश होगा वक्फ बिल; BJP और कांग्रेस ने जारी किया व्हिप



नई दिल्ली (एजेंसी)। 2 अप्रैल यानी बुधवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया जाएगा। अभी तक की जानकारी के अनुसार यह बिल लोकसभा में दोपहर 12 बजे पेश होगा। बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में विधेयक को पेश करने की जानकारी दी गई।


लोकसभा में वक्फ विधेयक के पेश होने से पहले भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने सभी लोकसभा सांसदों को कल यानी 02 अप्रैल को संसद में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है। इधर, विपक्ष ने इस बिल पर चर्चा के लिए 12 घंटे के समय की मांग की है।

कांग्रेस ने भी सांसदों के लिए जारी किया व्हिप- बुधवार को लोकसभा में पेश होने वाले वक्फ संशोधन विधेयक से पहले कांग्रेस ने भी अपने सांसदों को व्हिप जारी किया है और सभी को सदन में मौजूद रहने के लिए कहा है।

वक्फ बोर्ड में काफी सुधार की आवश्यकता- बता दें कि बुधवार को लोकसभा में बिल के पेश होने से पहले बीजेपी नेताओं की प्रतिक्रिया सामने आने लगी है। इस बीच उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर अच्छे काम का विरोध होता है। ठीक ऐसे ही वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध किया जा रहा है। उन्होंने विरोध करने वालों से पूछा कि क्या वक्फ बोर्ड ने मुसलमानों का कल्याण किया है? योगी ने आगे कहा कि इसमें सुधार समय की जरूरत है। वक्फ बोर्ड निजी स्वार्थ और सरकारी जमीन पर जबरन कब्जे का साधन बन गया है।

वहीं, वक्फ संशोधन विधेयक पर भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर गलतफहमियां पैदा की जा रही हैं। कांग्रेस और अन्य दल मुसलमानों को गुमराह करने और भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। जैसे सीएए को लेकर मुसलमानों को गुमराह किया गया और शाहीन बाग में प्रदर्शन हुए, वैसे ही वही लोग वक्फ अधिनियम को लेकर मुसलमानों को गुमराह कर रहे हैं।

## मीलॉर्ड मेरा पासपोर्ट जारी कर दें नहीं तो..., रणवीर इलाहाबादिया की अपील पर क्या बोले जज?



नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडियाज गॉट लेटेंट प्रोग्राम में विवादित टिप्पणी करने वाले पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया ने कहा है कि वो अब अपने शो में शालीनता बनाए रखेंगे। मंगलवार को शीर्ष अदालत में एक हलफनामा दायर कर उन्होंने ये बात कही।

समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, वरिष्ठ अधिवक्ता अभिनव चंद्रचूड़ ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ को बताया कि उनके मुवक्किल ने एक हलफनामा दाखिल किया है और मामले की जांच में शामिल हो गए हैं।

अभिनव चंद्रचूड़ ने शीर्ष अदालत की उस शर्त में संशोधन की मांग की, जिसमें रणवीर इलाहाबादिया को अपना पासपोर्ट जमा करने को कहा गया था और कहा कि इससे उनकी आजीविका प्रभावित होगी।

पासपोर्ट के लेकर रणवीर के वकील ने क्या दी दलील- वकील ने कहा कि रणवीर इलाहाबादिया को विभिन्न लोगों के इंटरव्यू के लिए विदेश यात्रा करनी पड़ती है। इस पर सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने कहा कि अगर इलाहाबादिया विदेश चले गए तो इससे जांच प्रभावित होगी और उन्होंने महाराष्ट्र तथा असम सरकारों का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से जांच पूरी करने की समय-सीमा के बारे में पूछा।

मेहता ने कहा कि हालांकि उन्होंने इस संबंध में कोई निर्देश नहीं मांगा है, लेकिन जांच दो सप्ताह में पूरी होने की संभावना है। पीठ ने कहा कि वह पासपोर्ट जारी करने के लिए इलाहाबादिया की अपील पर दो सप्ताह बाद विचार करेगी।

पॉडकास्ट शुरू करने को लेकर कोर्ट ने क्या रखी शर्तें- कोर्ट ने इससे पहले उन्हें फिलहाल विदेश यात्रा की अनुमति देने से इनकार कर दिया था और पिछले महीने कहा था कि मामले की जांच में शामिल होने के बाद उनकी प्रार्थना पर विचार किया जाएगा।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश
हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल चतुर्थी

## संपादकीय

# माँ विंध्यवासिनी सर्व सौभाग्य को प्रदान करने वाली परम कल्याणकारी सौभाग्यस्वरुपा देवी...



माँ विंध्यवासिनी सर्व सौभाग्य को प्रदान करने वाली परम कल्याणकारी सौभाग्यस्वरुपा देवी के रुप में पूजनीय है इनकी आराधना का फल अतुलनीय माना गया है। माँ विंध्यवासिनी का अलौकिक दरबार परम जाग्रत शक्तिपीठों में से एक है। कहा जाता है कि मातेश्वरी विंध्यवासिनी के इस दरबार में जो भी श्रद्धालु श्रद्धा एवं भक्ति पूर्वक मां के दर्शन करता है,वह मां कल्याणी देवी विंध्यवासिनी की कृपा से परम कल्याण का भागी बन कर दुर्लभ मुक्ति को प्राप्त करता है। इस कलिकाल में इनकी आराधना हर एक के लिए अनिवार्य बताई गई है। साधक जनों का मानना है कि किसी भी साधना को शुरू करने से पूर्व यदि मां विंध्यवासिनी की आराधना भक्ति व उनका आशीर्वाद प्राप्त नहीं किया तो उसका पूर्णरूपेण फल प्राप्त नहीं होता है। यही कारण है कि किसी भी देवी व देवता की कृपा प्राप्त करने से पूर्व इनकी कृपा व आशीर्वाद प्राप्त करना सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। शक्तिपीठों में शिरोमणि मां का यह दरबार ऊंचे स्थान पर लाल ध्वजा फहराता बड़ा ही मनोहारी व भव्य है। विंध्याचल में यह देवी तीनों रूपों में विराजमान है यहां देवी के तीन प्रमुख मंदिर हैं पहला विंध्यवासिनी जिन्हें भक्तजन कौशिकी देवी के नाम से भी पुकारते हैं, दूसरा मंदिर मातेश्वरी महाकाली और तीसरा अष्टभुजा मंदिर है अर्थात यहां देवी के तीन रूपों के दर्शन का सौभाग्य भक्तों को प्राप्त होता है।

अनेक पुराणों में विंध्य क्षेत्र का सुन्दर शब्दों में वर्णन किया गया है। देश के प्रमुख 108 शक्तिपीठों में इस पीठ की गणना होती है। जगत का कल्याण करने वाले भगवान विन्ध्येश्वर महादेव का मंदिर भी विंध्याचल क्षेत्र में ही है ।विंध्याचल की पहाड़ियों में कल कल धुन में नृत्य करती माँ गंगा के पवित्र पावन सानिध्य में यह स्थान जगत माता की ओर से भक्तजनों को अद्धितीय भेंट है। यहां का सौंदर्य बरबस ही आगंतुकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। त्रिकोण यंत्र पर स्थित विंध्याचल निवासिनी देवी की तीन रूपों महालक्ष्मी, महाकाली तथा महासरस्वती के रुप में पूजा होती है। त्रिकोण यात्रा के रूप में विंध्य पर्वत की यात्रा समस्त मनोरथ को पूर्ण करनेवाली यात्रा कहीं गई है। यहाँ पर स्थित विंध्यवासिनी माता मधु तथा कैटभ नामक महादैत्यों का नाश करने वाली देवी के रूप में भी पूजित है। कहा जाता है कि जो मनुष्य इस स्थान पर तपस्या करता है, उसे उसकी तपस्या का फल शीघ्र प्राप्त होता है। यही कारण है कि विभिन्न देवी-देवताओं के साधक, उपासक सबसे पहले माँ विंध्यवासिनी की ही साधना करते हैं। मां का यह दरबार आदि अनादि से रहित माना गया है। अर्थात इस क्षेत्र का अस्तित्व सदैव जागृत रहता है। इनका स्मरण समस्त संकल्पों की सिद्धि का सुंदर स्वरूप प्रदान करने वाला कहा गया है। ब्रह्म जी इनकी शक्ति से ही सृष्टि उत्पन्न करते हैं, विष्णु जी पालन, और शंकर जी संहार। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है, कि यहां तीन किलोमीटर के दायरे में तीन प्रमुख देवियां विराजमान हैं। ऐसा माना जाता है कि तीनों देवियों के दर्शन किए बिना विंध्याचल की यात्रा अधूरी मानी जाती है। तीनों के केन्द्र में मां विंध्यवासिनी का वास है। गंगा नदी के पावन तट पर स्थित मां विंध्यवासिनी का दरबार पुरातन काल से परम पूजनीय है यह मंदिर बस्ती के मध्य एक ऊंचे सुनहरे स्थान पर है। मंदिर में मां भगवती सुन्दर स्वरूप में विराजमान है मन्दिर के पश्चिम भाग में एक सुनहरा आंगन है, जिसके समीप मां की एक सुंदर मूर्ति है। समीप ही दूसरे मंडप में खपरेश्वर महादेव विराजमान है।

यहीं दक्षिण दिशा में माता महाकाली की मूर्ति है, और उत्तर दिशा में धर्म ध्वजा देवी विराजमान है। विंध्याचल क्षेत्र में ही माता सीता के चरण चिन्ह के दर्शन होते है। यहाँ के काली खोह नामक स्थान पर माँ काली के परम भक्त भैरव बाबा का मन्दिर है।

# वी. वी. सुब्रमण्य अय्यर



वराहनेरी वेंकटेश सुब्रमण्यम अय्यर एक स्वतंत्रता सेनानी और क्रांतिकारी राष्ट्रभक्त थे। उन्हें अंग्रेजी, लैटिन, फ्रेंच, संस्कृत और तमिल भाषाओं का अच्छा ज्ञान था। क्रांतिकारी गतिविधियों के कारण फ्रांसीसी अधिकारियों ने उन्हें एक बार पांडिचेरी से देश निकाला देकर अलजीयर्स भेज दिया था।


परिचय- वराहनेरी वेंकटेश सुब्रमण्य अय्यर एक क्रांतिकारी राष्ट्रभक्त थे। उनका जन्म 2 अप्रैल 1881 को मद्रास प्रदेश के तिरुचिरापल्ली जिले में हुआ था। शिक्षा पूरी करने के बाद वे अपने जिले में वकालत करने लगे। अय्यर अधिक सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से पहले रंगून गए और फिर बैरिस्टर बनने के लिए इंग्लैंड गये। वहां उनकी मुलाकात गांधीजी से हो गयी। सुब्रमण्य क्रांतिकारी विचारों के व्यक्ति थे। उनका मानना था कि शस्त्रों के बल पर ही भारत को आजाद करया जा सकता है। वे क्रांतिकारियों द्वारा अत्याचारी अंग्रेज शासकों की हत्या को स्वतंत्रता संग्राम का अंग मानते थे। अय्यर कई भाषाओं (अंग्रेजी, लैटिन, फ्रेंच संस्कृत और तमिल) के जानकार थे।

क्रांतिकारी राष्ट्राभक्त- सुब्रमण्य अय्यर क्रांतिकारी राष्ट्राभक्त थे। गांधीजी के विचारों से वे उस समय सहमत नहीं थे। वे भारत को स्वतंत्रता दिलाने के लिये बल प्रयोग के पक्षधर थे। उन दिनों अय्यर का संपर्क दामोदर विनायक सावरकर से भी हुआ। इंग्लैंड में कानून की शिक्षा पूरी करने के बाद जैसे ही वहां के सम्राट के प्रति निष्ठा की शपथ लेने का समय आया तो सुब्रमण्य इसके लिए तैयार नहीं हुए और चुपचाप पांडिचेरी (जो फ्रांस के अधिकार में होने के कारण अंग्रेजों की पुलिस की पहुंच से बाहर था) चले गए। 1910 में पांडिचेरी पहुंचने पर उन्होंने युवाओं को शस्त्र चलाना सिखाया और वे देश के अन्य क्रांतिकारियों के पास भी हथियार पहुंचाते थे।

जेल यातना- वी. वी. सुब्रमण्य अय्यर 1920 तक पांडिचेरी में रहे और यहां उनकी महर्षि अरविंद से मुलाकात हुई। वे पांडिचेरी से मद्रास आ गये और यहां उन पर राजद्रोह का मुकदमा चला और सजा हुई। उनकी क्रांतिकारी गतिविधियों के कारण फ्रांसीसी अधिकारियों ने भी एक बार उन्हें पांडिचेरी से देश निकाला देकर अलजीयर्स पहुँचा दिया था।

बहुभाषाविद्- वी. वी. सुब्रमण्य अय्यर बहुभाषाविद् थे। उन्हें अंग्रेजी, लैटिन, फ्रेंच संस्कृत और तमिल भाषाओं का अच्छा ज्ञान था। उन्होंने बाल भारती नामक तमिल पत्रिका का संपादन किया। उनके ऊपर कंबन की रामायण का भी प्रभाव पड़ा था। उन्होंने तमिल भाषा की कई रचनाओं का अंग्रेजी में अनुवाद किया। उनकी लिखी नेपोलियन की जीवनी भारत सरकार ने जब्त कर ली थी।

मृत्यु- वराहनेरी वेंकटेश सुब्रमण्य अय्यर का 3 जून, 1925 में निधन हो गया।



# क्या आरबीआई फिर से करेगा ब्याज दरों में कटौती? कब होगा इसे लेकर फैसला




नई दिल्ली (एजेंसी)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी आरबीआई जल्द ही अपनी एमपीसी मीटिंग आयोजित कर सकता है। इस मीटिंग के दौरान रेपो रेट और अन्य कई वित्तीय संबंधित फैसले लिए जाते हैं। हर दो महीने में आरबीआई MPC मीटिंग घोषित करता है।

इस मीटिंग में मुख्य तौर पर रेपो रेट तय किया जाता है। सरल शब्दों कहा जाए तो मीटिंग के दौरान ये फैसला होता है कि भविष्य में कितना ब्याज देना होगा। इस बार 7 से 9 अप्रैल के बीच ये मीटिंग आयोजित की जा सकती है।

क्या ब्याज दर में होगी कटौती- इससे पहले फरवरी में हुई बैठक में आरबीआई ने रेपो रेट में कटौती की थी। जिससे लगभग सभी बैंकों ने ब्याज दर में भी गिरावट की। अब बैंक ऑफ अमेरिका(बोफा) ग्लोबल रिसर्च की मानें तो आरबीआई एक बार फिर रेपो रेट में कटौती कर सकता है।

हालांकि इसे लेकर अंतिम फैसला मौद्रिक नीति समिति की बैठक में ही किया जाएगा। ये अनुमान लगाया जा रहा है कि रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती आ सकती है। जिसके बाद नया रेपो रेट दर 6 फीसदी हो जाएगा।

अगर रेपो रेट घटता है, तो आपको ईएमआई भी कम देना होगा। क्योंकि ब्याज दर कम हो जाएंगे। हालांकि ये ध्यान देने वाली बात है कि रेपो रेट का असर फ्लोटिंग इंटरेस्ट रेट पर देखने को मिलता है।

बैंक लोन में दो कैटेगरी होती है, इनमें फ्लोटिंग और फिक्स्ड लोन दोनों शामिल हैं।

क्यों हो रही मुद्रास्फीति और रेपो रेट में कटौती- आरबीआई के रेपो रेट में कटौती के बाद खुदरा मुद्रास्फीति में भी गिरावट आई। एक तरह से सरकार और आरबीआई दोनों मिलकर आम आदमी की खरीदारी क्षमता बढ़ाने की कोशिश कर रही है। जिससे आर्थिक रूप स ग्रोथ आए। वहीं नौकरियों का ज्यादा से ज्यादा उत्पादन हो।

क्या होता है रेपो रेट- रेपो रेट वे ब्याज दर है, जिसके जरिए देश की केंद्रीय बैंक, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया वाणिज्यिक बैंकों को लोन ऑफर करता है।

इस रेट पर आरबीआई शॉर्ट टर्म लोन ऑफर करता है, जो एक तय सीमा के लिए होता है।

## एक झटके में सोना 1802 रुपये हुआ महंगा, 1 लाख की ओर बढ़े कदम



नई दिल्ली (एजेंसी)। फरवरी और मार्च के बाद अप्रैल में भी सोने की उड़ान जारी है। नए वित्त वर्ष के पहले दिन आज 1 अप्रैल को सर्राफा बाजारों में बिना जीएसटी 24 कैरेट गोल्ड 1802 रुपये महंगा हो गया। सोने ने आज नए ऑल टाइम हाई 90966 रुपये प्रति ग्राम के रेट से नए वित्त वर्ष की शुरुआत की है। दूसरी ओर, चांदी के रेट में 1060 रुपये की गिरावट दर्ज की गई है। सोने के भाव अब एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।

चांदी 99832 रुपये प्रति किलो की दर से खुली। ये रेट बिना जीएसटी के हैं। अगर 3 पर्सेंट जीएसटी जोड़ लें तो आज सोने के भाव 93694 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी के 102826 रुपये प्रति किलो पर पहुंच रहे हैं। इस साल अबतक सोने के रेट में 15226 रुपये और चांदी के भाव में 13815 रुपये का उछाल आया है।

सर्राफा बाजार के रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं, जिनमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास।

आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड भी आज 1795 रुपये महंगा होकर 90602 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला।

## विजय केडिया ने इस शेयर से एक झटके में कमा लिए 41 करोड़, क्रैश बाजार में तूफान बना शेयर, 16% उछला भाव



नई दिल्ली (एजेंसी)। टू और थ्री व्हीलर सेगमेंट की छोटी कंपनी अतुल ऑटो के शेयर 1 अप्रैल को कारोबार के दौरान फोकस में रहे। शेयर बाजार में भारी गिरावट के बीच कंपनी के शेयर में आज 16% तक की तेजी देखी गई। इसी के साथ यह शेयर 511.15 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए। इससे पहले इसका पिछला बंद प्राइस 441.40 रुपये था। बता दें कि आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स 1200 अंक से अधिक और निफ्टी 300 अंकों से अधिक टूट गए थे।

शेयरों में तेजी की वजह- अतुल ऑटो के शेयर में तेजी के पीछे एक बड़ी वजह है। दरअसल, कंपनी ने मार्च में घरेलू बिक्री में 17.5% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की है, जो इंटरनल कम्बस्चन इंजन (आईसी) थ्री व्हीलर्स की मजबूत मांग के कारण संभव हुई है।कंपनी की फाइलिंग के अनुसार, अतुल ऑटो ने मार्च 2025 में घरेलू बाजार में 3,391 तिपहिया वाहन बेचे, जबकि एक साल पहले यह संख्या 2,886 इकाई थी। इस वृद्धि का नेतृत्व आईसी इंजन थ्री-व्हीलर की बिक्री में 34.26% की वृद्धि ने किया, जो मार्च 2024 में 2,017 से बढ़कर 2,708 इकाई हो गई। हालांकि, इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर (L3) की बिक्री साल-दर-साल 42.94% घटकर 473 इकाई रह गई, जबकि इलेक्ट्रिक L5 की बिक्री 425% बढ़कर 210 इकाई हो गई। निर्यात सहित, कुल बिक्री 3,693 इकाई रही, जो मार्च 2024 की तुलना में 18.06% की वृद्धि दर्शाती है। पूरे वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए, निर्यात सहित अतुल ऑटो की कुल बिक्री 34,012 इकाई तक पहुंच गई, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 30.62% की वृद्धि दर्शाती है।

विजय केडिया की कंपनी में बड़ी हिस्सेदारी- कंपनी में शेयर बाजार के दिग्गज निवेशक विजय केडिया की भी बड़ी हिस्सेदारी है। केडिया के पास कंपनी के 50,50,505 शेयर हैं। यह 18.20 फीसदी हिस्सेदारी के बराबर है।

इसके अलावा, केडिया सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड के नाम से विजय केडिया के पास 7,51,512 शेयर यानी 2.71 फीसदी स्टेक है। यानी कुल मिलाकर केडिया के पास कंपनी के 5,802,017 शेयर हैं।

## भूचाल के बीच रॉकेट बन गया टाटा का यह शेयर, 6% तक चढ़ा भाव, 7000 पर जा सकता है भाव!




नई दिल्ली (एजेंसी)। टाटा समूह की ट्रेंट लिमिटेड के शेयरों में मंगलवार, 1 अप्रैल को 6त्न तक चढ़ गए और 5619.85 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ा ऐलान है। दरअसल, कंपनी ने ऐलान किया है कि उसने 1,000 से अधिक बड़े-बॉक्स फैशन स्टोर (248 वेस्टसाइड और 757 जुडियो स्टोर सहित) के परिचालन पोर्टफोलियो को पार कर लिया है। ट्रेंट ने 31 मार्च को एक रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा कि वेस्टसाइड और ज्यूडियो ब्रांड ने अब तक 230 शहरों में 100 मिलियन से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान की है।

क्या है ब्रोकरेज की राय- बता दें कि हाल ही में ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म मैक्वेरी ने ट्रेंट पर 'आउटपरफॉर्म' रेटिंग और 7,000 के टारगेट प्राइस के साथ कवरेज शुरू किया। विदेशी ब्रोकरेज ने कहा कि ट्रेंट वैल्यू-टू-मिड-प्रीमियम सेगमेंट में भारत का अग्रणी फैशन रिटेलर है, जो ग्रोथ, रिटर्न प्रोफाइल और इन्वेंट्री टर्नओवर में अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वियों से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। मैक्वेरी को उम्मीद है कि यह गति जारी रहेगी। इससे पहले, कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने ट्रेंट पर रिड्यूस रेटिंग और 5,150 का टारगेट प्राइस सुझाया था। कोटक को वेस्टसाइड और जूडियो के अपने स्वयं के घनी आबादी वाले नए स्टोर के कारण ट्रेंट के राजस्व प्रवाह पर दबाव जारी है।

## टूटते बाजार में भी रॉकेट बना यह शेयर, 10 टुकड़ों में शेयर बांट चुकी है कंपनी



नई दिल्ली (एजेंसी)। बाजार में तेज गिरावट के बीच ज्वैलरी कंपनी मोतीसंस ज्वैलर्स के शेयरों में रॉकेट सी तेजी आई है। कंपनी के शेयर मंगलवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 8 पर्सेंट से ज्यादा उछलकर 18.14 रुपये पर जा पहुंचे हैं। स्मॉलकैप कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 33.40 रुपये है। वहीं, ज्वैलरी कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 14 रुपये है। मोतीसंस ज्वैलर्स अपने शेयरों का भी बंटवारा कर चुकी है।

10 टुकड़ों में अपने शेयर बांट चुकी है कंपनी- मोतीसंस ज्वैलर्स शेयरों का भी बंटवारा कर चुकी है। ज्वैलरी कंपनी ने अपने शेयरों का 10 टुकड़ों में बांटा है। कंपनी ने नवंबर 2024 में 10 रुपये फेस वैल्यू वाले अपने शेयर को 1 रुपये फेस वैल्यू वाले 10 शेयरों में बांटा। मोतीसंस ज्वैलर्स का आईपीओ 18 दिसंबर 2023 को खुला था और यह 20 दिसंबर तक ओपन रहा। आईपीओ में कंपनी के शेयर का दाम 55 रुपये था। ज्वैलरी कंपनी के शेयर 26 दिसंबर 2023 को तगड़े फायदे के साथ 103.90 रुपये पर ढ्ढस्श्व में लिस्ट हुए। वहीं, हृस्श्व में कंपनी के शेयर 109 रुपये पर लिस्ट हुए थे।

छह महीने में 40त्न से ज्यादा लुढ़क गए हैं मोतीसंस के शेयर- ज्वैलरी कंपनी मोतीसंस ज्वैलर्स के शेयर पिछले 6 महीने में 40 पर्सेंट से अधिक टूट गए हैं। कंपनी के शेयर 1 अक्टूबर 2024 को 31.72 रुपये पर थे। ज्वैलरी कंपनी के शेयर 1 अप्रैल 2025 को 18.14 रुपये पर जा पहुंचे हैं। इस साल अब तक मोतीसंस ज्वैलर्स के शेयरों में 35 पर्सेंट से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है। कंपनी के शेयर इस साल की शुरुआत में 1 जनवरी 2025 को 28.56 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 1 अप्रैल 2025 को 18.14 रुपये पर पहुंच गए हैं। ज्वैलरी कंपनी का मार्केट कैप 1761 करोड़ रुपये के पार जा पहुंचा है।

कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 66 पर्सेंट है। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डिंग 34 पर्सेंट है।

## मालिक ने छुड़ाए गिरवी रखे सारे शेयर, 1750% उछला है कंपनी के शेयरों का दाम



नई दिल्ली (एजेंसी)। थंगमायिल ज्वैलरी के शेयर मंगलवार को 2 पर्सेंट से ज्यादा उछल गए हैं। कंपनी ने गिरवी प्रमोटर हिस्सेदारी के रिलीज की जानकारी दी है। थंगमायिल ज्वैलरी के शेयर मंगलवार को 2.33 पर्सेंट की तेजी के साथ 2054.35 रुपये पर जा पहुंचे हैं। ज्वैलरी कंपनी के शेयरों में पिछले पांच साल में 1750 पर्सेंट का उछाल आया है। थंगमायिल ज्वैलरी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 2558.06 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 1129.95 रुपये है।

यस बैंक के पास गिरवी थे कंपनी के शेयर- थंगमायिल ज्वैलरी ने रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया है, बैंकों के पास हमारे प्रमोटर्स के गिरवी रखे शेयर पूरी तरह रिलीज हो गए हैं और पूरे प्रमोटर्स शेयर तत्काल प्रभाव के साथ फ्री हैं। थंगमायिल ज्वैलरी के प्रमोटर्स बालाराम गोविंद दास, बीए रमेश और एन बी कुमार के गिरवी शेयर रिलीज हो गए हैं।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# मामा के साथ मिलकर सोना-चांदी व्यापारी भाइयों ने लूटे 24 लाख रुपये के जेवर



सिवनी। 24 लाख रुपये के सोना-चांदी जेवर से भरा बैग कंधे में टांग कर कुरई दुकान से 30 मार्च की शाम वापस खवासा स्थित घर लौट रहे व्यापारी से लूट के आरोपितों को कुरई पुलिस ने 24 घंटे में राजफाश कर दिया है। खास बात यह है कि लूट करने वाले आरोपित महाराष्ट्र भंडारा निवासी सगे भाई में से एक संदीप सोनी (25) कुरई बाजार और दूसरा संजीत सोनी (25) भंडारा के हरदुली में ज्वेलरी दुकान का संचालन करता है। वारदात में शामिल सगे भाइयों का मामा विनोद सोनी फरार है, जिसे पुलिस तलाश कर रही है।

एसपी ने बताया 25 मिनट में हुई लूट

पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता ने एक अप्रैल को पूरे घटनाक्रम से पर्दा उठाते हुए बताया कि जिले के कुरई थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 हाईवे में प्रार्थी सोना-चांदी व्यापारी के साथ महज 25 मिनिट में आरोपितों ने सातिर तरीके से लूट की घटना को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। प्रारंभिक जांच में व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के कारण प्रार्थी पर जानलेवा हमला व लूट की घटना करना पाया गया है। व्यापारी से लूटा गया सोने-चांदी के जेवर से भरा बैग आरोपितों ने महाराष्ट्र भंडारा के हरदुली स्थित संजीत की सोना-चांदी दुकान में छिपा दिया था, जिसे पुलिस जब्त कर लिया है। जेवर के अलावा लूट में उपयोग चौपहिया वाहन भी पुलिस ने जब्त किया है।ये है पूरा घटनाक्रम

31 मार्च को खवासा निवासी प्रार्थी नारायण पुत्र गणेश सोनी (23) ने कुरई पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी कुरई बाजार चौक में सौरभ ज्वेलर्स के नाम से सोने चांदी की दुकान हैं।

30 मार्च को जेवरात से भरा बैग कंधे में टांग कर वह अपने घर खवासा बाइक से अकेला जा रहा था।

एनएच44 सिवनी से नागपुर रोड में लगभग सात बजे रिड्डी टेक तिराहा के आगे पहुंचने पर एक सफेद रंग की कार पीछे से आकर टक्कर मार दी और आगे जाकर खड़ी हो गई।

टक्कर के कारण संतुलन बिगड़ने से व्यापारी बाइक सहित सड़क में जा गिरा। इसी बीच एक अन्य बाइक में सवार होकर दो व्यक्ति उसके पास पहुंचे और सोने-चांदी जेवर से भरा बैग छीनने का प्रयास किया।

प्रार्थी ने आभूषण से भरा बैग नहीं छोड़ा तो एक व्यक्ति ने कंधे में डंडा से मारकर चोट पहुंचा और सोने-चांदी जेवर से भरा बैग हाथ से छीन लिया।

इसी बीच आगे खड़ी कार से एक व्यक्ति उतरकर आया और बोला बैग छीनकर जल्दी भाग लो। वाहनों की रोशनी में बैग छीनने वाले व्यक्ति का चेहरा पहचानने की बात प्रार्थी द्वारा बताई गई।

प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि बैग में सोने के डबल कुंदा पेंडल, सिंगल कुंदा पेंडल, झाला, चेन टॉप्स, अंगूठी, पत्ती, दाने, झुमके, लेडिज अंगूठी, फैसी लटकन, हाय चैन एवं चांदी की पायल, हाफ कर्दन, अंगूठी, लेडीज अंगूठी, जुड़वे, बिछियां, झालर पायल, फेंसी पायल, लाकेट, चांदी छन्नी, बच्चों के कड़े इत्यादि कुल 24 लाख रुपये मूल्य के जेवर आरोपित लूटकर ले गए। इस पर कुरई पुलिस ने अज्ञात आरोपितों पर धारा 309(4), 309 (6) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना लिया।

योजना बनाकर वारदात को दिया अंजाम

घटना की सूचना मिलते ही अज्ञात आरोपितों को पकड़ने और लूट की सामग्री जब्त करने एसपी सुनील मेहता ने एएसपी जीडी शर्मा, एसडीओपी ललित गठरे के निर्देशन में कुरई थाना प्रभारी कृपालशाह तेकाम, सिवनी सायबर सेल प्रभारी, अरी थाना प्रभारी आशीष खोब्रागडे का पुलिस दल गठित कर आरोपितों की पतासाजी प्रारंभ की। तकनीकी विश्लेषण कर पुलिस ने महाराष्ट्र भंडारा के अंधरगांव निवासी संजीत सोनी व उसके संदीप सोनी से हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

कुरई से पीछा कर रहे थे आरोपित व्यापारी के कुरई से आभूषण लेकर रवाना होने पर आरोपित संदीप सोनी सफेद रंग की कार क्र. एमपी 01 एएच 8040 तथा संजीत सोनी, विकास सोनी बाइक क्र. एमएच 36 एडी 3650 से पीछा करते हुए रिड्डी तिराहा पर पहुंचे।

सिवनी से नागपुर नेशनल हाईवे में सुनसान सड़क देखकर संदीप सोनी ने कार से प्रार्थी नारायण सोनी की बाइक को टक्कर मार कर सड़क में गिरा दिया और आगे जाकर कार खड़ी कर ली।

पीछे आ रहे बाइक सवार मामा-भांजे विकास व संजीत ने व्यापारी के कंधे में डंडे से चोट पहुंचाकर सोने-चांदी से भरा बैग छीन लिया।

लूट की घटना के बाद आरोपितों ने कार वाहन को रिड्डी के पास छिपा दिया। जबकि जेवर से भरा बैग बाइक से हरदुली स्थित संजीत की दुकान लेकर जाकर छिपा दिया।

कार्रवाई में इनका रहा योगदान

पुलिस ने महाराष्ट्र भंडारा जिला के अधंडगांव निवासी आरोपित संदीप पुत्र लखिन्दर सोनी तथा उसके भाई संजीत सोनी को गिरफ्तार किया है। आरोपित संदीप कुरई में दिवाकर ज्वेलर्स का संचालन करता है। वहीं आरोपितों का मामा विकास सोनी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। लूट का राजफाश करने में एसडीओपी ललित गठरे के नेतृत्व में गठित टीम में कुरई थाना प्रभारी कृपाल शाह तेकाम, अरी थाना प्रभारी आशीष खोब्रागडे, एएसआई देवेंद्र जायसवाल (सायबर सेल), एएसआई अजय सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक सत्यकुमार इनवाती, आरक्षक बालचंद नगरधने, अविनाश पाण्डेय, यशपाल उइके, दिनेश मसखरे, जयंत भलावी, चेतन शर्मा, अजय बघेल (सायबर सेल), सैनिक प्रकाश जंघेला शामिल रहे।

## बनासकांठा पटाखा फैक्ट्री विस्फोट में मरने वालों में मध्य प्रदेश के हंडिया के 15 और 1 मालपौन का



हरदा। गुजरात के बनासकांठा के डीसा में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से 18 लोगों की मौत हो गई। इनमें हरदा जिले की हंडिया तहसील निवासी 16 मृतकों के नाम सामने आए हैं। इनमें कई परिवार ऐसे हैं, जो प्रभावित हुए हैं। घटना में मृतकों की जानकारी प्राप्त होने के बाद हंडिया में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी प्रभावित परिवारों के पास पहुंचे और मृतकों के बारे में जानकारी ली। जिन परिवारों ने अपनों को खोया उन पर दुखों का पहाड़ टूट गया। घर से कई किलोमीटर दूर दो वक्त की रोटी के लिए काम करने गए मजदूरों को क्या पता था कि उनकी इतनी दर्दनाक मौत होगी।मृतकों की सूची तैयार

प्रशासन और पुलिस ने मृतकों की सूची तैयार की है। सूची के अनुसार 35 वर्षीय गुड्डी बाई पत्नी भगवान सिंह, 16 वर्षीय विजय पिता भगवान सिंह, 15 वर्षीय अजय पिता भगवान सिंह, 12 वर्षीय कृष्णा पिता भगवान सिंह, 30 वर्षीय राकेश पिता बाबूलाल, 25 वर्षीय डाली बाई पत्नी राकेश, 45 वर्षीय किरण पत्नी राकेश, 3 वर्षीय नैना पुत्री राकेश, 22 वर्षीय विष्णु पिता सत्यनारायण, 23 वर्षीय राकेश पिता सत्यनारायण, 12 वर्षीय बिट्टू पिता सत्यनारायण, 26 वर्षीय सुरेश पिता अमर सिंह, 36 वर्षीय बबीता पत्नी संतोष, 18 वर्षीय धनराज पिता संतोष, 12 वर्षीय संजय पिता संतोष सभी निवासी हंडिया तहसील मुख्यालय तथा 23 वर्षीय विजय पिता रामदीन काजवे निवासी हंडियसा तहसील के मालपौन गांव शामिल हैं।

## रेपिडो बाइक ड्राइवर से चाकू अड़ाकर 22 हजार का मोबाइल लूटा, डर के मारे 6 दिन चुप रहा




भोपाल। राजधानी में कहने को तो कमिश्नरी है, अपराधों को रोकने के लिए जिले को चार पुलिस जोन में बांटा गया है,लेकिन अपराधों को रोकने तो दूर पुलिस उनकी पहचान तक नहीं कर पा रही है और लूट पर लूट हो रही है। मजेदार बात यह है कि इन घटनाओं के बाद आला अधिकारी चुप हैं। ताजा मामला पिपलानी इलाके का है। जहां एक रेपिडो बाइक चालक के साथ शातिर बदमाश ने छुरी अड़ाकर 22 हजार रुपये का मोबाइल लूट लिया। घटना के बाद पीडित इतना डर गया कि उसने उसने घटना के छह दिन बाद पुलिस को इसकी शिकायत की, जिस पर पुलिस ने आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। घटना 24 मार्च की है।पिपलानी थाने के एसआई केपी सिंह ने बताया कि सेमरा चांदवड का रहने वाला 24 वर्षीय अंकित सिंह एमसीए की निजी कालेज से एमसीए की पढ़ाई कर रहा है।

वह अपने खर्चे निकालने के लिए रेपिडो की बाइक टैक्सी चलाने का काम भी करता है। 24 मार्च को करीब पांच बजे उसे एक संदेश आया।

एक व्यक्ति ने उसकी बाइक को छोला मंदिर जाने के लिए बुक किया था, उसने अपना नाम शुभम कहार बताया था।

वह उसे लेने के लिए जेके रोड पर मिनाल रेसीडेंसी कॉलोनी के गेट पर पहुंचा, जहां उसे लेकर वह छोला मंदिर गया।

जहां उसने रुपये न होने का बहाना बनाकर कहा कि वह रत्नागिरी पिपलानी में रहता है।

वह उसे वहां रुपये दे देगा। उसे लेकर वह वापस आ रहा था तो उसने बीचइएल क्वाटर के पास खाली आवास के पास बाइक को रुकवाया।

छुरी निकालकर उसके साथ मारपीट कर उसका मोबाइल लूट लिया। इसकी कीमत करीब 22 हजार रुपये थी।बीते दिनों अभी तक हुई इतनी घटनाएं

10 मार्च- पिपलानी में शैलश्री पटनायक के साथ लूट, आरोपितों का सुराग नहीं।

22 मार्च- रानी कमलापति स्टेशन के बाहर लूट,एक आरोपित पकड़ा और बाकी तीन साथी फरार है।लूटी गई सोने की चैन का अभी तक पता नहीं है।

23 मार्च- अशोकागार्डन में बदमाश वीरेंद्र जायसवाल से लूट, आरोपितों का सुराग नहीं।

24 मार्च- शाहपुरा में ज्वेलरी दुकान पर लूट,आरोपित को दुकान मालिक ने पकड़कर पुलिस को सौंपा।

27 मार्च- शाहपुरा में बाइक महिला के गले से सोने की चेन लूटी

## खेतों में लगे हैं टमाटर, जिसको जितना चाहिए फ्री में ले जाओ' एमपी में किसानों ने क्यों करवाया यह एलान

बिजौरी । जबलपुर के ग्रामीण इलाकों में टमाटर और शिमला मिर्च उगाने वाले किसान इन दिनों भारी मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। इस साल टमाटर की बंपर पैदावार हुई है, लेकिन बाजार में इसके दाम इतने गिर गए हैं कि किसानों को लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है।

आलम यह है कि कई किसान तो अपने खेतों से टमाटर मुफ्त में बांट रहे हैं, क्योंकि उन्हें तोड़ने और मंडी तक ले जाने का खर्च भी नहीं मिल पा रहा है। इस साल जबलपुर के ग्रामीण क्षेत्र में टमाटर के दाम किसानों की कमर तोड़ रहे हैं।खेतों में टमाटर ही टमाटर, लेकिन किसान निराशखेतों में टमाटर इतनी अधिक मात्रा में लगे हैं कि किसानों को यह देखकर निराशा हो रही है। गांव हो या शहर, बाज़ार हो या मंडी, हर जगह टमाटर की भरमार है और खरीदार कम हैं।खेतों में पके हुए टमाटर लदे हुए हैं, लेकिन उन्हें तोड़ने वाला कोई नहीं है। किसानों का कहना है कि मुनाफा तो दूर की बात है, टमाटर की तुड़ाई की लागत भी नहीं निकल पा रही है। ऐसे में वे क्यों मेहनत करें। नतीजा यह है कि टमाटर खेत में ही पककर सूख रहे हैं या सड़ रहे हैं।




# लोकमाता अहिल्या बाई के जनकल्याण और सुशासन के कार्य प्रेरणादायक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## 'राष्ट्रसमर्था देवी अहिल्या की पुण्य गाथा' नाटक का मंचन




इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई ने 300 वर्ष पहले जनकल्याण के जो काम किये और सभी संकटों को पार कर सुशासन के प्रतिमान स्थापित किए हैं, वे आज हम सब के लिए प्रेरणादायक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को लोकमाता देवी अहिल्या की नगरी खरगोन जिले के महेश्वर में विश्व मांगल्य सभा द्वारा 'राष्ट्रसमर्था देवी अहिल्याबाई की पुण्य गाथा' नाटक के मंचन अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयुषी जैन द्वारा देवी अहिल्या बाई की जीवनगाथा पर लिखी गई पुस्तक का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवी अहिल्या बाई ने होल्कर साम्राज्य के साथ ही सम्पूर्ण देश में जन-कल्याण के कार्य किए हैं। मुगल काल में सनातन संस्कृति को नष्ट करने का काम किया गया, लेकिन नर्मदा पुत्री देवी अहिल्याबाई ने सनातन संस्कृति की रक्षा का काम किया। उन्होंने सोमनाथ, काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिरों की पुनर्स्थापना को बनाने का कार्य किया है। देवी अहिल्या ने देश भर में नदी घाटों का निर्माण कराया, गरीबों की दिल खोलकर मदद की, रोजगार के लिए महेश्वरी साड़ियों का निर्माण कराया, व्यापार को प्रोत्साहन दिया, किसानों की मदद की और न्याय एवं सुशासन के अनेकों कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इतिहास माता अहिल्या के विविध प्रसंगों से भरा हुआ है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माता अहिल्या बाई के कार्यों से प्रेरणा लेकर हमारी सरकार ने पहला दशहरा महेश्वर में मनाया और केबिनेट की बैठक भी महेश्वर में आयोजित की है। प्रदेश की सशस्त्र वाहिनी क्रमांक 01 को अहिल्या माता का नाम दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महेश्वर में देवी अहिल्या की जीवनगाथा पर नाटक मंचन के लिए विश्व मांगल्य सभा की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अतिथियों के साथ सम्पूर्ण नाटक का मंचन देखा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह श्री दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300 जन्म जयंती के अवसर पर महेश्वर में नाटक का मंचन किया जा रहा है। यह नाटक अहिल्याबाई के कार्यों से आमजन को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देगा। देवी अहिल्या ने मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया है। हमारे देश में देवी अहिल्या, रानी लक्ष्मीबाई, रानी दुर्गावती, रानी चैनम्मा जैसी नारी शक्ति ने शासक के रूप में इस धरती का संचालन किया है। यह हमारे लिए गर्व और प्रेरणा का आदर्श है।

## ग्राम धन्नड़ स्थित अवैध कॉलोनी के कार्यालयों को किया गया सील



इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर इंदौर में अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई लगातार की जा रही है। इसी सिलसिले में आज अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल के मार्गदर्शन में एक बड़ी कार्रवाई की गयी। ग्राम धन्नड़ स्थित एक अवैध कॉलोनी के कार्यालयों को सील किया गया। एसडीएम राऊ श्री गोपाल सिंह वर्मा ने बताया कि ग्राम धन्नड़ के खसरा नम्बर 1061, 1058/5 पर अवैध निर्माण की शिकायत मिलने पर जाँच की गयी थी। बताया गया कि खसरा नम्बर 1061 अरुण पिता परमानंद सिसोदिया तथा खसरा नम्बर 1058/5 ईश्वर पिता बद्रीलाल के नाम से है और रेकार्ड में कृषि भूमि के रुप में दर्ज है। खसरा नम्बर 1061 पर पक्की सड़क और 70 निर्माणाधीन मकान सहित अन्य विकास संरचना पायी गयी। खसरा नम्बर 1058/5 रिक्त पाया गया। मौके से ही अरुण सिसोदिया को फोन कर उपस्थित होने के निर्देश दिये गये। असमर्थता बताने पर उसे समस्त दस्तावेजों के साथ एक अप्रैल को एसडीएम के समक्ष उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया। मौके पर ही उपस्थित एक नागरिक द्वारा प्लाट क्रय करना बताया गया। खसरा नम्बर 1061 में विकसित की जा रही कॉलोनी के प्लाट/रो हाउस के विक्रय हेतु लोहे से निर्मित कैप्सूलनुमा दो ताला बंद आफिस पाये गये। मौके पर कोई भी नहीं पाया गया। इन कार्यालयों को सील किया गया।

## कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई के साथ होगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

इंदौर। कलेक्टर कार्यालय में आज एक अप्रैल मंगलवार को जन सुनवाई के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी होगा। जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों और अन्य नागरिकों का अत्याधुनिक मशीन के माध्यम से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। उन्हें मौके पर ही स्वास्थ्य परीक्षण के परिणाम से अवगत कराया जायेगा। यह शिविर सुबह साढ़े 10 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर तीन बजे तक चलेगा।

यह स्वास्थ्य परीक्षण एक अत्याधुनिक एक टच प्रारंभिक जांच (प्राथमिक जाँच) डिवाइस के माध्यम से होगा। जो नॉन-इनवेसिव तरीके से समग्र कार्डियक और रेस्पिरेटरी स्वास्थ्य का विस्तृत मूल्यांकन करता है। यह डिवाइस, इंदौर में विकसित किया गया है और भारत एवं अमेरिका में पेटेंट प्राप्त है। अत्याधुनिक सेंसर और तकनीक के माध्यम से केवल एक टच में हार्ट रेट, पल्स, बॉडी टेम्प्रेचर,बीपी, ऑक्सीजन लेवल सहित 700 से अधिक हेल्थ पैरामीटर्स का त्वरित और सटीक विश्लेषण करता है। इस नवाचार को एआईएम नीति आयोग द्वारा चुनी गई शीर्ष 50 हेल्थकेयर इनोवेशन में स्थान दिया गया है, जो इसके विश्वसनीयता और तकनीकी उन्नति को दर्शाता है। यह पहल रोकथाम और समय रहते चेतावनी के माध्यम से स्वास्थ्य समस्याओं को कम करने एवं समुदाय में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है।

# देश औरंगजेब की कब्र जैसे प्रोपोगंडा में उलझा रहे ताकि मूल मुद्दे पर ध्यान न जाए : डॉ. पीयूष जोशी




इंदौर। यदि अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया भी अजित पंवार जैसे घोटालेबाजों की तरह मोदी जी के सहयोगी बन जाते तो कोई समस्या नहीं होती। लेकिन चूंकि उन्होंने आत्म समर्पण नहीं किया इसलिए जांच एजेंसियों के दुरुपयोग और मीडिया के माध्यम से उनके लिए घोटालेबाज का परसेप्शन तैयार किया गया जिसका नुकसान आप पार्टी को दिल्ली चुनाव में हुआ। यह बात आप पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. पीयूष जोशी ने स्टेट प्रेस क्लब, मप्र के रूबरू कार्यक्रम में कही। उन्होंने सरकार, भाजपा और मीडिया से सवाल पूछा कि यदि दिल्ली में तथाकथित शराब घोटाला हुआ है तो वह आखिर कितनी राशि का है, घोटाले के रूपए गए कहां, कैसे खर्च हुआ ? इतनी सरकारी जांच एजेंसियों के बाद भी इतने समय में मोदी सरकार इन सवालों के जवाब नहीं दे पाई, इससे स्पष्ट है कि घोटाले का झूठा हौवा सिर्फ चुनाव के लिए गढ़ा गया था। भ्रष्टाचार सरकार के लिए कोई मुद्दा ही नहीं है। यदि होता तो जिन्हें मोदीजी ने अस्सी हजार करोड़ का घोटालेबाज बताया था वे अजित पंवार एनडीए सरकार के उपमुख्यमंत्री नहीं होते। जिन्हें भाजपा सबसे भ्रष्ट बताया करती थी, वे असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा आज भाजपा के पोस्टर बॉय और संकट मोचन न होते।

श्री जोशी ने कहा कि दरअसल मोदी सरकार चाहती है कि देश असली मुद्दों पर बहस न करे इसलिए ध्यान भटकाने के लिए पूरे तंत्र को हाइजैक कर नित नए मुद्दे गढ़े जाते हैं।

# प्रदेश में परिवहन सेवाओं को और बेहतर बनाया जाएगा - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के ग्रामीण, शहरी और इंटरसिटी परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा प्रारंभ की जाएगी। योजना का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। सबके साथ विस्तृत विचार-विमर्श, सुझाव एवं सहमति के बाद शीघ्र ही इस योजना प्रस्ताव को अनुमोदन के लिये मंत्रि-परिषद की बैठक में लाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में नवीन परिवहन सेवा (मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा) के संबंध में प्रारंभिक चर्चा के लिए आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में परिवहन सेवाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर प्रदेश के सभी जनजातीय क्षेत्रों में सुगम यात्री परिवहन के लिए सरकार हर जरूरी प्रयास करेगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, नगरीय विकास एवं प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने बैठक में वर्चुअली सहभागिता की। समत्व में हुई बैठक में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं प्रशासन श्री संजय कुमार शुक्ल, सचिव परिवहन श्री मनीष सिंह, सचिव मुख्यमंत्री श्री सिबी चक्रवर्ती एवं संचालक जनसम्पर्क श्री अंशुल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की यात्री परिवहन संबंधी भावी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर इस नवीन योजना के सभी पक्षों पर गहनता से अध्ययन करें, जिससे यात्रियों को इसका अधिकतम लाभ मिल सके। सचिव परिवहन श्री मनीष सिंह ने नवीन परिवहन सेवा योजना की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नई परिवहन योजना में प्रदेश में यात्री बसों के संचालन की त्रि-स्तरीय मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके लिए प्रदेश मुख्यालय स्तर पर एक राज्यस्तरीय होल्डिंग कंपनी गठित की जाएगी। प्रदेश के सात बड़े संभागों (भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर एवं रीवा) में 7 क्षेत्रीय सहायक कंपनियां भी गठित की जाएगी। इसी उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तरीय यात्री परिवहन समिति गठित भी की जायेंगी। यह सभी बॉडीज यात्री परिवहन को बेहतर बनाने, यात्री किराया तय करने, रूट चार्ट तैयार करने में समन्वय और यात्रियों को योजना का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए अनुश्रवण एवं मार्गदर्शन करेगी।

बताया गया कि सात क्षेत्रीय सहायक कंपनियों की आय अर्जन के स्रोत निर्माण के लिए भी इस योजना में विशेष इंतजाम किए जाएंगे। नवीन योजना में सरकार अनुबंधित बसों को प्राथमिकता से परमिट देगी। इन बसों पर प्रभावी नियंत्रण सरकार का ही होगा। नवीन योजना में यात्रियों एवं बस ऑपरेटर्स के लिए ऐप और कंपनी की मॉनिटरिंग के लिए एक डैशबोर्ड भी होगा नवीन परिवहन सेवा के संचालन के लिए प्रदेश के सात बड़े संभागों में यात्री बसों की आवश्यकता और जरूरी संख्या के लिए सर्वे कराये जा रहे हैं। सर्वे के परिणाम जल्द ही प्राप्त हो जायेंगे। सर्वे के फीडबैक के आधार पर सरकार इस योजना के क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढ़ेगी।

# इंदौर जिले में शुरु हुआ नया शैक्षणिक सत्र

इंदौर। प्रदेश के अन्य जिलों के साथ-साथ इंदौर जिले में भी आज एक अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू होगा। आज से ही सभी स्कलों में स्कूल चलें हम अभियान भी प्रारंभ किया जायेगा। यह अभियान चार अप्रैल तक चलेगा। स्कूलों में प्रवेशोत्सव भी मनाया जायेगा। नव प्रवेशित बच्चों का स्वागत सत्कार भी होगा। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये हैं। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि वे शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करें और समयबद्ध कार्यक्रम और गतिविधियों का संचालन करें। प्रदेश में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2025-26 की शुरूआत एक अप्रैल से स्कूल चलें हम अभियान के रूप में की जायेगी। अभियान के दौरान एक से 4 अप्रैल, 2025 तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किये हैं। अभियान के दौरान सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

राज्य स्तरीय आयोजन- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एक अप्रैल मंगलवार को भोपाल के शासकीय नवीन उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय अरेरा कॉलोनी (ओल्ड कैंपियन) में प्रातः 9 बजे स्कूल चलें हम अभियान - 2025 का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम भी होगा। कार्यक्रम में जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप भी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के स्कूल चलें हम अभियान कार्यक्रम के डिजिटल प्लेटफार्म पर लाइव प्रसारण की व्यवस्था भी की गई है।

नव प्रवेशी विद्यार्थियों का होगा स्वागत- मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में नव प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करेंगे। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न खेलों के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षा पोर्टल 3.0 का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश में करीब 92 हजार सरकारी स्कूल हैं। इनमें प्रायमरी, मीडिल, हाई और हायर सेकण्डरी स्कूल हैं। इन स्कूलों में लगभग 85 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं। जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम अहिल्याश्रम स्कूल क्रमांक दो में- इंदौर का जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम शासकीय सीएम राइज अहिल्याश्रम कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-दो में प्रातः 10 बजे आयोजित किया गया है।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# कलेक्टर श्री सिंह ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक की

उज्जैन । कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के द्वारा मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभा कक्ष में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली गई।



बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि आगामी 7 अप्रैल को उज्जैन से होकर गुजरने वाले नवीन नेशनल हाईवे व बड़नगर-बदनावर हाईवे का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए कार्यक्रम स्थल निर्धारण को लेकर एसडीएम बड़नगर और उज्जैन ग्रामीण को उपयुक्त स्थान का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अन्य आवश्यक तैयारीयां सुनिश्चित करने को कहा गया।

कलेक्टर ने बैठक में आने वाले समय में माननीय मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिविशिष्ट व्यक्तियों के कार्यक्रमों के लिए स्ह्लक्क तैयार करने के निर्देश दिए, जिसमें हेलीपैड व्यवस्था, वीआईपी गेस्ट हाउस व्यवस्था, स्टेज व्यवस्था एवं अन्य चेकलिस्ट शामिल करने के लिए कहा गया ।

जिन अधिकारियों की ड्यूटी महाकालेश्वर मंदिर के प्रोटोकॉल में लगी है उनकी वीआईपी कार्यक्रमों में शिफ्ट वार ड्यूटी लगाई जाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर द्वारा आने वाले पर्वों को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां करने के लिए कहा गया।

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए की सभी लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण किया जाए, साथ ही जिन विभागों द्वारा अच्छा प्रदर्शन किया गया है वे अपना प्रदर्शन बरकरार रखें।

ग्रीष्म ॠतु को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली और पेयजल की स्थिति की समीक्षा की गई तथा सभी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए । कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा के दौरान सभी विभागों को निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत लक्ष्य निर्धारित कर अब तक की गई प्रगति से अवगत कराया जाए?।

# भजन कीर्तन के साथ 100 निराश्रित बुजुर्गों को वितरित किये 10-10 किलो गेहूं



उज्जैन। युवा मंच सत्संग समिति के तत्वावधान में उज्जैन नगर के 100 निराश्रित बुजुर्गों को प्रति व्यक्ति प्रतिमाह 10 किलो गेहूं वितरण किया जाता है। इसी कड़ी 1 अप्रैल को पहले भजन कीर्तन फिर अप्रैल माह का गेहूं वितरण किया गया।

समाजसेव अजीत मंगलम ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद प्रेमलता ओम रामी, लायंस क्लब उज्जैन महाकाल के राजेंद्र सिंह गिल, समाजसेवी हेमराज परमार, समाजसेवी फूलचंद्र जरिया थे। हिरदेश्वर महादेव मंदिर हीरा मिल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में गेहूं वितरण में 2000 कल्पना कतरे द्वारा, स्वर्गीय श्री विष्णु जी सनपराते कि स्मृति में उनकी बिटिया देवीका सोनपराते द्वारा 2100 नगद गेहूं वितरण में, 500 हेमराज परमार द्वारा, 2 क्विंटल गेहूं राजेश राणा दादासिंह ने, ढाई क्विंटल गेहूं मूलचंद राठौर ने, एक क्विंटल गेहूं धनीराम रायकवार ने, 25 किलो गेहूं रोशन चौधरी ने दिए। इस दौरान युवा मंच सत्संग समिति के अध्यक्ष मनोहर परमार, उपाध्यक्ष महेश सोनोने, उमेश शर्मा, सचिव विजय तिवारी, कोषाध्यक्ष पंडित संतोष शर्मा, सह सचिव पारस कुमार जैन, कार्यालय प्रभारी पंढरीनाथ जैन, अशोक कपूर, धर्मेंद्र जैन, बाबूलाल यादव, सुरेश राव, महेंद्र कटियार, रविंद्र पोरवाल, महिला युवा मंच सत्संग समिति की संयोजक गीता रामी, अध्यक्ष पिंकी यादव, उपाध्यक्ष सपना सांखला, सचिव लक्ष्मी लश्करी ने सेवाएं दी। अतिथि, दानदाता का आभार मंच संस्थापक गोपाल बागरवाल ने माना।

# शासकीय शालिग्राम तोमर उ.मा.वि. में प्रवेश उत्सव मनाया



उज्जैन। नगर का एक मात्र ईएफए विद्यालय शासकीय शालिग्राम तोमर उमावि में 1 अप्रैल को प्रवेश उत्सव हर्षोल्लाह से मनाया गया। नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर पुस्तक वितरण किया गया। नर्सरी से लेकर 12वीं तक का प्रवेश विद्यालय में दिया जा रहा है। जिले का एकमात्र स्कूल है, जहां पर आईपी विषय पढ़ाया जाता है। कक्षा 9वी से इंग्लिश मीडियम और हिंदी मीडियम दोनों ही माध्यम में छात्रों के लिए प्रवेश चालू है।

# उज्जैन ब्रांच ने की बैंक ऑडिट सेमिनार की मेजबानी

उज्जैन। उज्जैन ब्रांच ने ऑडिटिंग एंड एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स बोर्ड द्वारा आयोजित बैंक ऑडिट सेमिनार को होस्ट किया।




सीए अकृत जैन, चेयरमैन उज्जैन ब्रांच ने बताया कि हर वर्ष बैंकों का वार्षिक ऑडिट चार्टर्ड अकाउंटेंट्स द्वारा किया जाता है। इसके लिए सीए को आरबीआई के विभिन्न सर्कुलरों का ज्ञान होना आवश्यक होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में वडोदरा से सीए नयन कोठारी एवं इंदौर ब्रांच के वाइस चेयरमैन सीए समकित भंडारी ने उपस्थित सीए का मार्गदर्शन किया। सेशन चेयरमैन सीए ओ.पी तोतला थे।

सीए समकित भंडारी ने कहा कि ऑडिट के लिए जाने से पहले आवश्यक दस्तावेजों की माँग का पत्र भेजें। एमओसी के फॉर्मेट को ध्यान से पढ़ें और सावधानीपूर्वक भरें। सीए सर्टिफिकेट्स पर विशेष ध्यान दें ताकि समय की कमी के कारण कोई गलती न हो। बैंक के क्लोजिंग सर्कुलर को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उन डॉरमेंट अकाउंट्स की 100 प्रतिशत जाँच करें, जो ऑडिट वर्ष के दौरान एक्टिव किए गए हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इनका उपयोग ऑनलाइन फ्रॉड के लिए तो नहीं हो रहा है।

कार्यक्रम का स्वागत भाषण सीए अनीश चौधरी ने दिया। अतिथियों का स्वागत सीए मनीष राठी एवं सीए आतुष जैन ने किया। आभार सीए रितेश तलरेजा ने व्यक्त किया और संचालन सीए आस्था जैन ने किया। सेमिनार में 50 से अधिक सीए सदस्यों ने भाग लिया, इसकी जानकारी ब्रांच इंचार्ज हसन चोबारावाला ने दी।

# पंचक्रोशी यात्रा 23 अप्रैल से प्रारंभ होगी, यात्रा की तैयारियों के लिए विभागों को दायित्व सौंपे गए

उज्जैन । पंचक्रोशी यात्रा आगामी 23 अप्रैल से प्रारंभ होगी। यात्रा की तैयारियों के लिए विभागों को दायित्व सौंपे गए हैं। संबंधित विभाग समस्त कार्य दिनांक 15 अप्रैल के पूर्व पूर्ण कर कार्यालयीन समय में लिखित में पूर्णता का प्रमाण पत्र जिला पंचायत उज्जैन में प्रस्तुत करेंगे।

### *मुलभूत सुविधाओं की व्यवस्था का दायित्व विभागवार निम्नानुसार है*

लोक निर्माण विभाग (भवन एवं पथ) को समस्त पड़ाव उप पड़ाव स्थल पर समतलीकरण। पंचक्रोशी मार्ग का संधारण (पटरी भरना एवं कटीली झाड़ी एवं रोड़ पर आने वाली झाड़ियों को हटाना। मंदिर मे आने जाने हेतु बैरिकेटिंग की व्यवस्था करना। यात्रा मार्ग की नदी नाले की गहरी पुल पुलिया पर यात्रा के पूर्व रेलिंग लगवाना। पिंग्लेश्वर रेल्वे पुलिया के निचे मुरम डालकर रोलिंग करना एवं आपात स्थिति में वर्षा जल निकासी की व्यवस्था। कालियादेह ग्राम से चक कमेड़ अष्टतीर्थ मार्ग का संधारण कराना लगभग 3 कि.मी.। यात्रा मार्ग पर संकेतक एवं माईलस्टोन लगवाना। यात्रा के जैथल से उण्डासा जाने पर आगर रोड़ पर डिवाईडर बनाकर यात्रियों हेतु मार्ग की पृथक से व्यवस्था करना। मक्सी रोड़ क्रांसिग पर दुर्घटना ना हो इस हेतु आवश्यक व्यवस्था। मार्ग की पुलिया पर रेलिंग लगाना। समस्त पड़ाव/उप पड़ाव स्थलो के मंदिरो पर यात्रा के दौरान बेरिकेटिंग करवाना। बेरिकेटिंग कार्य यात्रा प्रारम्भ से 10 दिवस पूर्व पूर्ण करना। सड़क / पुलिया मरम्मत / रेलिंग लगाने के कार्य मार्च तक पूर्ण करना। कालियादेह पेलेस के गहरे चार कुण्डो में बेरिकेटिंग करवाना तथा कुण्ड की गहराई एवं न उतरने संबंधी संकेतक लगवाना। पंचक्रोशी यात्रा मार्ग के शोल्डर भराव का कार्य किया जायें। यात्रा मार्ग पर आने वाले पुल पुलिया एवं मार्ग का कार्य यदि प्रगतिरत है तो ऐसे मार्ग पर यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा अथवा अवरोध ना हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को शुद्ध पेयजल, स्थाई, अस्थाई टंकी तथा टेंकर द्वारा एवं स्थाई नल जल योजना द्वारा (प्रत्येक पड़ाव/उप पड़ाव एवं यात्रा मार्ग पर) प्रति 500 मीटर पर पेयजल उपलब्ध कराना। प्रत्येक पड़ाव/उप पड़ाव एवं यात्रा मार्ग में आवश्यक अन्य स्थान पर स्नान एवं अन्य निस्तारी कार्य हेतु स्थल एवं जल उपलब्धता। प्रत्येक पड़ाव/उप पड़ाय स्थल पर स्नान हेतु वर्ष 2016 में निर्मित प्लेटफार्म का संधारण एवं महिला-पुरूष हेतु पृथक पृथक शॉवर व्यवस्था। प्रत्येक पड़ाय/उप पड़ाव स्थल पर निर्मित होने वाले अस्थाई शौचालयो हेतु जल उपलब्ध कराना। प्रत्येक पड़ाय/उप पड़ाव एवं यात्रा मार्ग पर पेयजल स्त्रोतों के पानी का परीक्षण तथा हेण्ड पंपो का संधारण।

अस्थाई सिंटेक्स टंकियों हेतु स्थल का चयन, टोटी स्टेण्ड, शॉवर स्टेण्ड, टाट के कवर लगाना। स्नान स्थल के आस पास काली चुरी एवं पानी की उचित निकासी कराना ताकि कीचड़ ना हो। पेयजल एवं स्नान हेतु नगर निगम से समन्वय कर पंपिंग स्टेशनों से जल प्राप्त करना। पेयजल एवं स्नान हेतु विद्युत वित्तरण कंपनी से अस्थाई कनेक्शन प्राप्त करना। यात्रा मार्ग पर प्रति 500 मीटर के अंतराल पर श्रद्धालुओं हेतु शुद्ध पेयजल (टेंकर) की व्यवस्था करना। प्रत्येक पड़ाव/उप पड़ाव स्थलो पर पीने के पानी हेतु पर्याप्त मात्रा में केम्पर की व्यवस्था करना। कालियादेह उप पड़ाव स्थल पर 52 कुण्ड में पानी का लेवलिंग करवाने का दायित्व सौंपा गया है।

म.प्र. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को प्रत्येक पड़ाव/उप पड़ाव स्थल पर तथा यात्रा मार्ग मे विद्युत सप्लाई हेतु ट्रांसफार्मर एवं अन्य संधारण कार्य एवं यात्रा के दौरान सत्त प्रवाह की उपलब्धता। प्रत्येक पड़ाव/उप पड़ाव स्थल पर अस्थाई प्रकाश व्यवस्था हेतु संबंधित जनपद पंचायत को अस्थाई कनेक्शन उपलब्ध करवाना।

# मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार प्रत्येक वार्ड में किया जाएगा एक प्याऊ का संचालन - प्रभारी सदस्य श्री प्रकाश शर्मा

उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी की मंशा अनुसार उज्जैन शहर में प्रत्येक वार्ड अंतर्गत नगर निगम जल कार्य विभाग द्वारा एक प्याऊ का संचालन किया जाएगा जिसकी शुरुआत जोन स्तर से की जाएगी साथ ही गर्मी के समय को दृष्टिगत रखते हुए कुएं, बावड़ियों एवं जलाशयों की सफाई की जाए एवं जिन क्षेत्रों में आवासीय भवनों द्वारा कमर्शियल रूप से जल का उपयोग किया जा रहा है उनसे कमर्शियल की दर से जलकर वसूला जाए उक्त निर्देश मंगलवार को जल कार्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री प्रकाश शर्मा द्वारा विभाग की समीक्षा बैठक अंतर्गत अधिकारियों को दिए गए।

प्रभारी सदस्य श्री प्रकाष षर्मा द्वारा निर्देषित किया गया कि षहर में पेयजल व्यवस्था पर विभाग के अधिकारियों द्वारा नियंत्रित रखा जाए षहर के हैंडपंप, बोरिंग की मोटर का संधारण किया जाए, पानी की टंकियां अपनी पूर्ण क्षमता के साथ भरी जाए, जल प्रदाय के समय विभाग के अधिकारी वार्डों में भ्रमण करें जहां पर भी पेयजल की लाइन क्षतिग्रस्त या लीकेज हो उसका संधारण एवं पानी की गुणवत्ता की जांच कर्मचारियों से करवाया जाए, साथ ही देखने में आ रहा है कि दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की धुलाई हेतु वॉषिंग सेंटर संचालकों द्वारा पानी का अपव्यय किया जा रहा है ऐसे में वाषिंग सेंटर की जांच की जाए की पानी कहां से लिया जा रहा है, इसी के साथ षहर में पेयजल वसूली हेतु बिल वितरण व्यवस्था में सुधार लाया जाए

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com